53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...



**पाठकों के लिए सूचना**

सम्मानित पाठकों, विज्ञापनदाताओं,
आपको सूचित किया जाता है कि आज का अंक 8 पृष्ठों का प्रकाशित किया जाता रहा है। कृपया अपने हॉकर से आज के अंक के 8 पृष्ठ लेना न भूलें। -सम्पादक

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

गंगा में डुबकी से गरीबी दूर होगी क्या : मल्लिकार्जुन खड़गे



सूर्योदय : 7:10 सूर्यास्त-5:53 | वर्ष : 53/ अंक : 27 | मंगलवार, 28 जनवरी 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-8

बहुत लोगों की गरीबी दूर होगी.... बहुतों को रिद्धि.. सिद्धि..बुद्धि सब प्राप्त होंगीं...

## जहीर फारुकी के आह्वान पर सूलीवाला बाग पर उमड़ा हजारों देशभक्तों का जनसैलाब



15 अगस्त और 26 जनवरी के राष्ट्रीय पर्वों पर यूं तो पिछले दस साल से चेयरमैन जहीर फारुकी के नेतृत्व में तिरंगे के साये में हजारों लोग यात्रा निकाल रहे हैं, लेकिन इस बार 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर निकाली गई तिरंगा यात्रा कई मायनों में बेहद खास रही। इस यात्रा में सभी धर्म और सम्प्रदाय के साथ जाति का बंधन तोड़कर भी हजारों लोग एक देशभक्त के रूप में गंगा की अविरल धारा के रूप में जनसैलाब बनकर सड़कों पर उतरे नजर आये। सूली वाला बाग और उसकी तिरंगा यात्रा  से ही पुरकाजी कस्बे को देश भर में एक नई पहचान मिली है। सोशल मीडिया पर यात्रा संपन्न होने के बाद भी इस जन सैलाब के फोटो और वीडियो देखने के लिए लोगो में होड़ नजर आई  यात्रा के दौरान लोग पुरकाजी के सूली वाला बाग को शहीद स्थल घोषित किये जाने की मांग पुरजोर तरीके से उठाते हुए भारत माता का जयकारा करते रहे तो वहीं इन्कलाब जिन्दाबाद का नारा भी जोश भरता नजर आया। चेयरमैन जहीर फारुकी के नेतृत्व में सभी धर्म और जाति के लोग 26 जनवरी को 76 वां गणतंत्र दिवस पर तिरंगा यात्रा के रूप में 10.30 बजे पुरकाजी के रोडवेज बस स्टैण्ड पर जमा हुए। जब एक लंबे काफिले के साथ चेयरमैन जहीर फारुकी राष्ट्रवाद का संदेश लेकर इन देशभक्तों के सैलाब के बीच रोडवेज अड्डे में पहुंचे तो जोश दोगुना होता दिखाई दिया। यहां लोगों ने अपने अपने अंदाज में उनका स्वागत किया। रोडवेज अड्डे से यह तिरंगा यात्रा ढोल-नगाडों और डीजे के साथ राष्ट्रीय ध्वज के साये में 151 फुट का तिरंगा लेकर सूली वाला बाग के लिए रवाना हुई। पूरी यात्रा में देश भक्ति के नारों के साथ चेयरमैन जहीर फारुकी के साथ हजारों लोग पैदल चल रहे थे और बीच बीच में देश के शहीदों के सम्मान में नारेबाजी भी की जा रही थी। रास्ते में इनके स्वागत के लिए लोगों ने भण्डारे लगाये हुए थे। कहीं पर हलवा और फल बांटकर इन देशभक्तों का स्वागत किया जा रहा था, तो कहीं पर लोगों ने काजू, बादाम और दूध तक के नाश्ते के साथ दिल खोलकर तिरंगा  यात्रा का स्वागत किया। हर कदम पर छतों से दुकानों से इन देशभक्तों के सैलाब पर फूलों की बारिश की जा रही थी। पुरकाजी के लगभग हर घर से लोगों ने इसमें अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रास्ते में शौकीन अहमद एडवोकेट और वंश अग्रवाल आदि व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों पर चेरयमैन जहीर फारुकी से ध्वजारोहण कराया और सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। इतना ही नहीं दलित समाज के नेता आनन्द कुमार अब्दलपुर ने सैकडो दलित युवाओं की साथ चेयरमैन जहीर फारुकी को भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर का छायाचित्र भेंट किया और नीला पटका पहनाकर सम्मानित किया। रोडवेज अड्डे से ये यात्रा करीब एक घंटे बाद सूली वाला बाग पर पहुंची और यहाँ पर शहीद क्रांतिकारियों की याद में चेयरमैन जहीर फारुकी ने सभी के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात भारत माता की जय और इन्कलाब जिन्दाबाद, देश के शहीद अमर रहे आदि जोशीले नारे लगाये गये। मंच से देशभक्तों के सैलाब को सम्बोधित करते हुए चेयरमैन  जहीर फारुकी ने कहा कि आज ये दुर्भाग्य है कि जिस देश को अपना सभी कुछ न्यौछावर करते हुए सर्वस्व बलिदान अपनी जान देकर लोग शहीद हो गये, ऐसे अनाम और अंजान शहीदों और उनके परिवार के सम्मान में सरकारे आजादी के बाद से ही विमुख  रही हैं। फारुकी ने कहा कि यह हमारे देश का दुर्भाग्य है कि यहां हमें स्कूलों में शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु और अशफ़ाकउल्ला खान अमर रहे का पाठ तो पढ़ाया जाता है, देश में जगह-जगह हमारे देश को आजाद करने वाले क्रांतिकारी शहीदों के नाम पर सड़के चौराहे और तिराहे तो बनाए गए हैं, उनकी मूर्तियां लगाई गई हैं  लेकिन वास्तविक जिंदगी में हमारे देश में आज तक भी इन क्रांतिकारियों को शहीद का दर्जा नहीं दिया गया है। जलियांवाला बाग 1919 में हुआ है जबकि पुरकाजी के सूलीवाला बाग पर सामूहिक शहादतें 1857 की क्रांति से लेकर 1947 तक दी गई है फिर भी देश की सबसे बड़ी शहादत का गवाह सूलीवाला बाग आज तक शहीद स्थल घोषित नहीं किया जा सका है। सूलीवाला बाग को शहीद स्थल घोषित कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन भी चेयरमैन जहीर फारुकी ने कस्बा चौकी इंचार्ज एसआई रामसमझ राणा को सौंपा और उम्मीद जताई कि सरकारों के द्वारा शहीदों के सम्मान में यह मांग पूरी की जायेगी। इस दौरान मुख्य रूप से चेयरमैन समर्थक और  सहयोगी सभी सभासद विक्की, सावन, रियासत, निसार, शमेशर फरीदी, शाह आलम गौड, इस्तखार उर्फ लाल्ला, आरिफ खान, हाफिज जुल्फीकार, नदीम , सुलेमान, आजाद फरीदी, आदिल फरीदी, आलम कुरैशी और शाहनवाज खान के साथ ही आनन्द कुमार, कमल सिंह, रईस कुरैशी,हाफिज मोहसिन  इनाम फरीदी,महबूब कुरैशी, मनीष गोयल, निर्दोष जैन, सददाम फरीदी, नदीम त्यागी, खुर्रम  नसीम अफसर अली प्रधान, तकी ,साजिद , संजीव गोयल,इकबाल व साजिद त्यागी और अरशद नेता छपार, अमीर आलम , दीपक महेश्वरी,निखिल गोयल आदि का कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान रहा।



लालकिले की जगह सूलीवाला बाग और जलियांवाला बाग पर आजादी के बाद प्रधानमंत्री झंडा फहराते तो शहीदों का सम्मान होता। सूलीवाला बाग पर जनता को संबोधित करते हुए जहीर फारुकी ने कहा कि दिल्ली का लाल किला मुगलों ने बनाया था जो कि गुलामी का प्रतीक है बहुत अच्छा होता यदि देश आजाद होने के बाद हमारे प्रधानमंत्री पुरकाजी के सूली वाला बाग या जलियांवाला बाग पर ध्वजारोहण करके देश के शहीदों को श्रद्धांजलि दिया करते!



### हर वर्ग ने किया यात्रा का स्वागत

पुरकाजी के गली मोहल्ले से लोग ढोल नगाड़े और डीजे की धुन पर रोडवेज बस स्टैंड में पहुंचे। पुरकाजी में 26 जनवरी को सुबह से ही पूरे कस्बे में देश भक्ति का माहौल छाया रहा। सभी वार्डों से जिम्मेदार लोग ढोल नगाड़ों और देशभक्ति के गानों वाले डीजे के साथ निकलकर रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंचे। सभी लोग वहां पर इकट्ठा हुए और सूली वाला बाग तक तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।



वार्ड 12 सभासद आजाद फरीदी ने चेयरमैन जहीर फारुकी का अपने सैकडों समर्थकों के साथ बुके देकर स्वागत किया और तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान जहीर फारुकी ने कहा कि उन्हें हर वर्ग का तिरंगा यात्रा में समर्थन मिला और सभी ने जोश खरोश के साथ यात्रा स्वागत किया है। जिसके लिए मैं उनका तहेदिल से स्वागत करता हूँ।



**सूलीवाला बाग को जहीर फारुकी ने दिलाई पहचान।** पुरकाजी का ऐतिहासिक सूली वाला बाग, जहां सैकड़ो क्रांतिकारियों ने अपनी जानों की कुर्बानियां दी थी, गुमनामियों के अंधेरों में और कूड़ा करकट के ढेरो के नीचे दबा पड़ा हुआ था। सन 2016 में पहली बार पुरकाजी के इतिहास में 159 सालों में पहली बार जहीर फारुकी ने हजारों लोगों के जनसैलाब के साथ  यहाँ ध्वजारोहण किया था और सूली वाला बाग के मुद्दे को जोरों शोरों से उठाया था।  तब से लेकर आज तक हर साल जहीर फारुकी के नेतृत्व में हजारों लोग यहां तिरंगा यात्रा में शामिल होते हैं और इस ऐतिहासिक जगह को शहीद स्थल घोषित करने की मांग सरकार से करते आए हैं।







**नशे से दूर रहने, माता-पिता का सम्मान करने और परिवार वालों को समय देने के लिए युवाओं को नसीहत की।**

सूली वाला बाग पर अपने संबोधन में जहीर फारुकी ने युवाओं को किसी भी तरह के नशे से दूर रहने के लिए और अपने माता-पिता का सम्मान करने के साथ-साथ परिजनों को उचित समय देने की भी नसीहत की। फारुकी ने युवाओं से कहा कि आजकल युवाओं का ज्यादातर समय मोबाइलों में निकल रहा है, देर रात तक गलियों में और चौराहों पर खड़े रहते हैं, यह बहुत बुरी आदत है सब इसको छोड़कर सही रास्ते पर आए।



हमारे पुरकाजी में जहीर फारुकी ने चेयरमैन बनने से पहले जनता के लिए बहुत ज्यादा आंदोलन और धरना प्रदर्शन किए हैं। उन्होंने 2016 में सूली वाला बाग का मुद्दा उठाकर पुरकाजी कस्बे और देहात में जो देशभक्ति का जुनून लोगों के अंदर भरा है वह तिरंगा यात्रा में सबको देखने के लिए मिलता है। यह अविस्मरणीय है। हजारों लोगों का तिरंगा यात्रा में शामिल होने का श्रेय पूरी तरह से हमारी पुरकाजी के युवा एवं होनहार चेयरमैन जहीर  फारुकी को जाता है। जहीर  फारुकी सभी धर्म और जाति के लोगों को सम्मान देते हैं। उन्होंने पुरकाजी कस्बे के अंदर कावड़ यात्रा में ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके दो मंजिला गौशाला बनाकर महिला जिम तथा पुरुष जिम बनाकर पुरकाजी कस्बे को चारों तरफ से नंबर प्लेट रीडर कैमरों और आईपी कैमरों से लैस करके पुरकाजी कस्बे को अत्यधिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम देकर तथा पुरकाजी में धोबी घाट बनाकर सरकारी स्कूलों में बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए प्राइवेट स्कूलों से बेहतर फर्नीचर देकर उनमें कंप्यूटर देकर यह साबित कर दिया है कि पुरकाजी का आने वाला भविष्य और भी अच्छा है। हमें अपने पुरकाजी के चेयरमैन पर गर्व है। उन्होंने कूड़े के ढेर में तब्दील सूली वाला बाग का सौंदर्यीकरण  कराकर शहीद स्मारक बनाया और पुरकाजी को एक नई पहचान दिलाई है। जहीर फारुकी की कार्यशैली की वजह से पुरकाजी क्षेत्र में बच्चों से लेकर बूढ़े तक सभी उनके दीवाने हैं। हमें गर्व है कि हम उसे पुरकाजी कस्बे में रहते हैं  जिसका नेतृत्व जहीर  फारुकी जैसे देशभक्त करते हैं।

**निवेदक- वंश अग्रवाल, व्यापारी, पुरकाजी।**

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 7.5 °c | अधिकतम 21.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:10 सूर्यास्त-5:53 | वर्ष : 53/ अंक : 27 | मंगलवार, 28 जनवरी 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-3


**अमृतवाणी**

दुःख की नदी अगर पार करने में डर लगता है तो सुख के सागर में तैरने के सपने नहीं देखना।

### पांच साल बाद फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, दोनों देशों में बनी सहमति

**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (एजेंसी)।** 2020 से बंद कैलाश मानसरोवर यात्रा अब इसी गर्मी से फिर से शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही भारत-चीन के बीच डायरेक्ट फ्लाइट सर्विस भी शुरू होगी। हालांकि अभी इनकी डेट निश्चित नहीं हुई है। यह जानकारी सोमवार को विदेश मंत्रालय ने एक बयान में दी, जिसमें बताया गया कि दो बड़े फैसले बीजिंग में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच दो दिन की बैठक में लिये गए। आपको बता दें कि भारत चीन के बीच 2 जून 2020 में डोकलाम विवाद हुआ था, इसी वजह से दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के बाद रिश्ते खराब होने के चलते यात्रा प्रतिबंधित की गयी थी।

# शराब मॉडल शॉप में लगी आग, सबकुछ हो गया राख

## ▶ आम के पेड़ के सहारे नीचे उतरकर बची चार कर्मचारियों की जान

**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में प्रकाश चौक के निकट स्थित एक मॉडल शॉप में रविवार की देर रात भयंकर आग लग गयी। आग में फर्नीचर सहित पूरी शराब जलकर राख हो गयी। गनीमत रही कि मॉडल शॉप में ऊपर कमरे में सो रहे कर्मचारियों की जान बाल-बाल बच गयी। दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने भारी मशक्कत के बाद तीन घंटे में आग पर काबू पाया। आग से लगभग तीन करोड़ रुपये का नुकसान हुआ बताया जा रहा है।

26 जनवरी की रात्रि प्रकाश चौक के निकट स्थित अनुज्ञापी सोनिया त्यागी पत्नी प्रदीप त्यागी की मॉडल शॉप पर रात्रि में लगभग ढाई बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। आग लगने के बाद मॉडल शॉप के ठीक सामने प्रदीप त्यागी का मां शाकुम्भरी ढाबा है। ढाबे पर काम करने वाले चार कर्मचारी प्रत्येक दिनों की भांति रात्रि में सोने के लिये मॉडल शॉप के ऊपर बनी दुकान पर सोने के लिए चले गए। अचानक ढाई बजे उनका दम घुटने लगा । जब उनकी आंख खुली तो चारों ओर आग ही आग थी। बताया जाता है कि सीढियों के रास्ते वापस आने का कोई रास्ता उक्त चारों कर्मचारियों का नहीं बचा था, ऐसे में मॉडल शॉप के बराबर में खड़े आम के पेड़ ने उनकी जान बचाने का काम किया। उसी पेड़ के सहारे चारों लोग नीचे उतरकर आए। इसी बीच दुकान स्वामी प्रदीप त्यागी को आग की सूचना दी गयी तो वह मौके पर पहुंचे। दुकान स्वामी प्रदीप स्वामी के साथ-साथ दमकल विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंची और शटर तोड़कर आग बुझाने का काम किया गया। करीबन तीन घंटे में चार गाड़ियों की मदद से दमकलकर्मियों ने इस आग पर काबू पाया। दिन निकलने के बाद स्वयं आबकारी विभाग के सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच करते हुए आग के कारण खराब हुई शराब को नष्ट कराने का काम किया।



**मॉडल शॉप स्वामी बोले पूरी जिंदगी की कमाई खत्म हो गयी**

**मुजफ्फरनगर।** मॉडल शॉप में आग लगने के बाद रात्रि ढाई बजे जब प्रदीप त्यागी मौके पर पहुंचे तो दुकान की हालत देखकर वे तनाव में आ गए। प्रदीप त्यागी से दिन निकलने के बाद जब मीडिया ने बात की तो प्रदीप त्यागी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि सारी जिंदगी की कमाई एक बार में स्वाह हो गयी। उन्होंने अपना नुकसान तकरीबन ढाई से तीन करोड़ रुपये के बीच बताया और वास्तव में ढाई से तीन करोड़ रुपये कमाने में एक सामान्य आदमी को आधा जीवन लग जाता है। ऐसे में मीडियाकर्मियों ने उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि आप ठीक हैं तो पैसा दोबारा भी कमा लिया जायेगा। पूरे दिन प्रदीप त्यागी की मॉडल शॉप पर उन्हें तसल्ली देने वालों का तांता लगा रहा और सभी ने उनका साथ देने की बात कही।





**शीशा तोड़ते समय फायरकर्मी के हाथ में घुसा कांच**

मुजफ्फरनगर। देर रात मॉडल शॉप में आग बुझाने के लिए फायरकर्मियों को शीशा तक तोड़ना पड़ा। शीशा तोड़ते समय फायरकर्मी अंकित के हाथ में कांच घुस गया, जिसका उपचार बाद में कराया गया।

# नई मण्डी में एक और अय्याशी का अड्डा, ब्लू आइज कैफे में नाबालिग से दुष्कर्म





**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर में एक के बाद एक अय्याशी के अड्डे मिलने के बाद भी कैफे संचालकों को पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है। रविवार को एक और अय्याशी के अड्डे का खुलासा हुआ, जो कि नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के विश्वकर्मा चौक के निकट पाया गया। इस बार अय्याशी के इस अड्डे में छात्रा के साथ दुष्कर्म ही कर दिया गया। इस कैफे सैंटर का नाम ब्लू आइज कैफे है। पुलिस ने सूचना पर दो आरोपी छात्रों व कैफे संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा छात्रा का मैडिकल करा दिया गया है। जल्द ही छात्रा के बयान कोर्ट में दर्ज कराये जाएंगे। पुलिस ने हाथोंहाथ कार्यवाही करते हुए कैफे को सील कर दिया। बताया जाता है कि नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ले की दसवीं कक्षा की छात्रा रविवार को दुकान पर सामान खरीदने के लिए गयी थी। तभी मौहल्ला गांधी नगर वाल्मीकि बस्ती का रहने वाला विशाल अपने साथी अंकित के साथ छात्रा को बहला-फुसलाकर ब्लू आइज कैफे ले गया, जहां आरोप है कि विशाल ने छात्रा के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया, जबकि उसका दोस्त अंकित बाहर कमरे में बैठा रहा। दुष्कर्म के बाद आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि अगर किसी को बताया गया तो उसकी अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जाएगी। आरोपी बाद में उसे उसी के घर के बाहर छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता ने मामले की पूरी जानकारी अपनी मां को दी, जिस पर पीड़िता को लेकर परिजन थाने पहुंचे और आरोपी विशाल तथा उसके साथी अंकित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। नई मण्डी कोतवाली प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल ने बताया कि अरोपी कैफे संचालक अक्षय शर्मा निवासी रामपुरी व दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पीड़िता के बयानों के आधार पर कैफे संचालक को गिरफ्तार किया गया है। नई मण्डी सीओ रूपाली राय के नेतृत्व में उक्त कैफे को सील कर दिया गया। कैफे संचालक सहित दोनों युवकों का चालान कर दिया गया है तथा पीड़िता का डीएनए भी कराया जा रहा है।

## अमित शाह, योगी-बाबा ने रामदेव के साथ महाकुंभ में लगाई डुबकी

**प्रयागराज, 27 जनवरी (एजेंसी)।** गृहमंत्री अमित शाह आज परिवार समेत संगम नगरी पहुंचे। एयरपोर्ट पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद गृहमंत्री मेला क्षेत्र में पहुंचे। फिर साधु-संन्यासियों के साथ स्टीमर से स्नान करने के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने साइबेरियन पक्षियों को दाना भी खिलाया। वह काफी खुश नजर आए। गृहमंत्री ने सीएम योगी व संन्यासियों के साथ स्नान किया। बाद में शाह ने किले में अक्षय वट के दर्शन किए। साथ ही जूना अखाड़ा में भोजन किया। जूना अखाड़े के आचार्य अवधेशानंद गिरि, कैलाशानंद भी गृहमंत्री के साथ मौजूद रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अमित शाह ने संगम में डुबकी लगाई। वहीं इस दौरान बाबा रामदेव भी मौजूद रहे। बाबा के अनुरोध पर सीएम योगी ने अलग से योग गुरु के साथ फिर से संगम में डुबकी लगाई। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह सुबह 11 बजे बमरौरी एयरपोर्ट पहुंचे। उन्हें रिसीव करने के लिए एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और डिप्टी सीएम बृजेश पाठक भी मौजूद रहे। इसके बाद यहां से बीएसएफ के विशेष विमान से अमित शाह दिल्ली पब्लिक स्कूल के ग्राउंड पर उतरे। यहां से स्टीमर से संगम के बीच-बनाई गई जेटी पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्नान किया। संगम स्नान के बाद गृहमंत्री ने गंगा मैया की आरती भी उतारी। उनके साथ बेटे जय शाह भी मौजूद रहे। गृह मंत्री अक्षयवट के दर्शन करेंगे। इसके बाद जूना अखाड़ा में संतों के साथ भेंट एवं भोजन करेंगे। गुरु शरणानंद जी के आश्रम में जाकर गुरु शरणानंद जी एवं गोविंद गिरी जी महाराज से मुलाकात करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि के शिविर में पहुंचे। साथ में सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ब्रजेश पाठक और डीजीपी मौजूद हैं। इसके साथ ही अखाड़ा परिषद के पदाधिकारी और बाबा रामदेव भी साथ में मौजूद हैं। गृहमंत्री मुख्यमंत्री सभी संतों के साथ शिविर में भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। गृह मंत्री के साथ उनका परिवार भी कार्यक्रम में मौजूद है।



### युवक ने की आत्महत्या

**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी गौरवान में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि शनिवार देर रात शहर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि गढ़ी गौरवान मौहल्ला के रहने वाले शान आलम (25 वर्ष) ने तनाव के चलते खुद को फांसी लगा ली है। सूचना पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया और वहां मौजूद साक्ष्यों को एकत्रित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### अज्ञात कार की चपेट में आकर नाबालिग की दुखद मौत

**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** गुरूवार की देर रात कच्ची सड़क पर अज्ञात कार ने एक नाबालिग को टक्कर मार दी, जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी। परिजनों ने नाबालिग की मौत के बाद पुलिस कार्यवाही से इंकार कर दिया। थाना सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मदीना कॉलोनी निवासी सोलह वर्षीय वाजिद पुत्र शमशाद को कच्ची सड़क पर अज्ञात कार ने टक्कर मार दी, जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए इंकार कर दिया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। गमगीन माहौल में नाबालिग के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

### अयोध्या में महिला समेत दो श्रद्धालुओं की मौत

**अयोध्या, 27 जनवरी (एजेंसी)।** भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में सोमवार को पूजा-अर्चना करने आई एक महिला समेत दो बुजुर्ग श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हरियाणा निवासी एक महिला और एक पुरुष बेहोश हो गए और उन्हें श्री राम अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। 60 वर्ष से अधिक आयु के दोनों मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। मौत का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन अधिकारियों को संदेह है कि यह हृदयाघात के कारण मौत हुई है। अयोध्या में सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई, कुंभ मेले से लौटने वाले लोग यहां नए मंदिर में रामलला के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

### सहारनपुर के नानौता में तिरंगा यात्रा में बवाल, शरारती तत्वों पर पुलिस ने भांजी लाठियां

**सहारनपुर, 27 जनवरी (एजेंसी)।** रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद सहारनपुर के नानौता कस्बे में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा के दौरान कछ शरारती तत्व यात्रा में घुस गए और उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया, जिससे वहां का माहौल गर्मा गया। मौके पर मौजूद पुलिस ने हालात को स्थिति को संभालने के लिए हल्का बल प्रयोग कर और उपद्रवियों



को खदेड़ दिया। आपको बता दें कि रविवार को जनपद सहारनपुर के ननौता कस्बे में सर्वसमाज द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई थी, जिसमें हिंदू व मुस्लिम समाज के प्रमुख लोग शामिल थे। लोग देशभक्ति के गीतों पर झूम रहे थे, इसी दौरान कुछ शरारती तत्वों ने यात्रा में घुसकर हंगामा करना शुरू कर दिया। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस ने तुरंत एक्शन मोड में आ गयी और माहौल को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। इसके बाद उपद्रव करने वालों को मौके से खदेड़ दिया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता से लेते हुए अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसपी देहात सागर जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि तिरंगा यात्रा में व्यवधान डालने वालों की पहचान की जा रही है। सोशल मीडिया पर हो रही वायरल वीडियो तथा स्थानीय लोगों की मदद से आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। प्रशासन आश्वस्त किया है कि दोषी उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बना उत्तराखंड

**देहरादून, 27 जनवरी (एजेंसी)।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में संहिता की नियमावली व पोर्टल का लोकार्पण किया। समान नागरिक संहिता लागू करने के साथ ही उत्तराखंड स्वतंत्रता के बाद ऐसा करने वाला पहला राज्य बन गया। उत्तराखंड सरकार ने सभी नागरिकों को समान अधिकार देने के उद्देश्य से समान नागरिक संहिता कानून बनाया है। सात फरवरी 2024 को विधानसभा ने इससे संबंधित विधेयक पारित किया। 12 मार्च को इसे राष्ट्रपति से मंजूरी प्राप्त हुई। फिर 14 मार्च को सरकार ने समान नागरिक संहिता को लागू करने से पहली इसकी नियमावली बनाने का निर्णय लिया। लगभग एक साल तक चली कसरत के बाद नियमावली तैयार की गई। इसके बाद इसे धरातल पर उतारने के लिए कार्मिकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। संहिता के प्रविधानों के अनुसार विभिन्न विषयों का पंजीकरण कराने के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी बनाया गया है। अनुसूचित जनजातियों को छोड़कर, सम्पूर्ण उत्तराखंड राज्य, साथ ही राज्य से बाहर रहने वाले उत्तराखंड के निवासियों पर लागू किया गया है। यूसीसी लागू करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में एसडीएम रजिस्ट्रार और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सब रजिस्ट्रार होंगे।

## बहनों से छेड़छाड़ करने वाले युवकों का किया विरोध तो उपद्रवियों ने कर डाली युवतियों से ही मारपीट





**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** दो दिन पहले नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के सुभाषनगर में उस समय कुछ उपद्रवी युवकों ने मारपीट कर डाली, जब उक्त युवकों से छेड़छाड़ का विरोध किया गया। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाष नगर के रहने वाले अमन ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका घर बैंकट हॉल के बराबर वाली गली में है। उसकी बहनें नौकरी करती हैं। नौकरी पर आते-जाते समय क्षेत्र के ही युवक अनिल, सोनू, मंगल, सुनील उसकी बहनों के साथ आए दिन छेड़छाड़ करते थे। लोकलाज के डर से उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी नहीं दी, मगर दो दिन पहले भाईयों व परिवार के लोगों ने मिलकर आरोपियों के घर पहुंचकर इस बात का विरोध किया, तो आरोपियों व उनके परिवार के लोगों ने उन पर उल्टा हमला बोल दिया। आरोपियों ने तीन बहनों को बुरी तरह घायल कर दिया, जिनका बाद में उपचार कराया गया। पुलिस को इसकी सूचना दे दी गयी। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ितों को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।


**M.G. Public School**

Circular Road, Muzaffarnagar

Affiliated to C.B.S.E. (School Affiliation No. : 2130151)

Contact No. : 9997896244

**REGISTRATION OPEN**

Registration form is available for class **Nursery (age 3+ yrs, as on 1st April, 2025)** to **IX** for the session 2025-26 from **28th January, 2025 to 20th February, 2025** on all working days between **10:00 am to 1:00 pm**

Parents are required to accompany the child at the time of admission in Nursery, L.K.G. & U.K.G.

Note: It is compulsory to bring the birth certificate at the time of registration for the verification of the age of the child.

Monika Garg
Principal

**M.G. Public School**

Circular Road, Muzaffarnagar

Affiliated to C.B.S.E. (School Affiliation No. : 2130151) Contact No. : 9997896244

**TEACHERS REQUIRED**

Highly qualified, committed, fluent in spoken English, experienced and trained teachers are required against the following vacancies-.

**PGT- English (M.A., B.Ed.), Painting (M.A./MFA, B.Ed.)**

**TGT- S.St., English (MA, B.Ed.)**

**(Written test - 9th Feb., 2025 from 10:00 am to 12:00 noon)**

**Groundsman - Minimum qualification 12th Class** (Short listed candidates will be called for interview)

Submit your C.V. latest by **6th Feb., 2025 between 09:30 am to 12:30 pm** at the school campus or e-mail at mgpublicschool@gmail.com

Monika Garg
Principal

आप सभी क्षेत्रवासियों को
76 वें गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
भूषण त्यागी
सभापति चेयरमैन
प्रीति भारद्वाज
सचिव/एमडी बी. पैक्स, चरथावल
बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति, चरथावल

सभी नगरवासियों को
Happy Republic Day
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
विज्ञापन प्रस्तुति
हनी सिंघल
चरथावल

## कार्यालय नगर पंचायत चरथावल (मुजफ्फरनगर)

**नगर पंचायत चरथावल गणतंत्र दिवस** के शुभ अवसर पर अपने नगरवासियों से अपील करती है कि नगर पंचायत चरथावल नगर को स्वच्छ रखने के लिए पूरी तरह प्रयत्नशील है। नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के लिए नगर पंचायत का पूर्ण सहयोग करें।

01. नगर पंचायत नगर को स्वच्छ रखने में पूरी तरह प्रयत्नशील है । कृपया नगर को साफ रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
02. खुले में शौच न करें। घर में शौचालय बनवायें।
03. जल अमूल्य है, इसे व्यर्थ न बहने दें। टोंटियां खुली न रखें।
04. डेंगू, मलेरिया जैसे संक्रामक रोगों से बचाव हेतु छतों पर रखे बर्तनों एवं टायरों आदि में पानी इकट्ठा न होने दें।
05. जन्म मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें।
06. पॉलीथीन की थैलियों का प्रयोग पूर्ण प्रतिबंधित है, इनका प्रयोग कदापि न करें।
07. सार्वजनिक स्थलों, मार्गों, सम्पत्तियों पर अतिक्रमण न करें और न दूसरों को करने दें।
08. नगर पंचायत चरथावल के सभी करों का भुगतान समय से करें।
09. पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम में सहयोग दें और अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगायें।
10. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में अपने नगर को अधिक से अधिक अंक दिलाने में नगर पंचायत चरथावल का सहयोग करें।
11. अपने घर का कूड़ा कूड़ेदान में इकट्ठा करें। नगर पंचायत कर्मियों के आने पर उसे कूड़े की गाड़ी में ही डालें।

**निवेदक - नगर पंचायत चरथावल, जनपद-मुजफ्फरनगर**

| | | |
|---|---|---|
| (नीलम पाण्डेय)<br>अधिशासी अधिकारी<br>नगर पंचायत चरथावल<br>(मुजफ्फरनगर) | समस्त सदस्यगण<br>नगर पंचायत चरथावल<br>(मुजफ्फरनगर) | (इस्लामुद्दीन)<br>अध्यक्ष<br>नगर पंचायत चरथावल,<br>मुजफ्फरनगर |

समस्त क्षेत्रवासियों को
राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
Regd. No.:D.A.U.O.MZN/0580
Regd. No.:OPT/17292
9917801863
9917801692
आनन्द
मेडिकेयर सैन्टर
इमरजेन्सी 24 घण्टे उपलब्ध है।
पता - आनन्द मैडिकेयर सैंटर, बिस्मिल्लाह मार्किट के बराबर में, गोदाम वाली रोड, कस्बा चरथावल (मुजफ्फरनगर)

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
हिन्द ब्रिक्स सप्लाई
थानाभवन मार्ग, चरथावल, मुजफ्फरनगर
अमित सिंघल समाजसेवी

सभी नगर वासियों को
गणतन्त्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
हाजी मतलूब प्रधान
विधानसभा अध्यक्ष
रालोद, चरथावल

समस्त क्षेत्रवासियों को
राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. एस.के. काकरान
(DMRIT)
मो. 7417007196
ओम कृष्णा क्लीनिक
रोहाना बस स्टैंड, न्यू एचपी पेट्रोल पम्प के सामने, कस्बा - चरथावल, जिला-मुजफ्फरनगर

चन्द्रशेखर आजाद पी.जी. कॉलेज, चरथावल
की ओर से
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
गुलाब सिंह
प्रधानाचार्य
राकेश वशिष्ठ
प्रबंधक
डॉ. सविता वशिष्ठ
असिस्टेंट प्रोफेसर
जैन कन्या पी.जी. कॉलेज, मुजफ्फरनगर

किड्स हैवन पब्लिक स्कूल, चरथावल की ओर से
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
REPUBLIC DAY
सत्यप्रकाश धीमान
प्रबंध निदेशक
सुनीता धीमान
संस्थापक/प्रबंधक

आप सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
कुटेसरा से प्रातः 4:00 बजे
चरथावल से प्रातः 9:15 बजे
मीनाक्षी चौक प्रातः 4:30 बजे
ओखला, नई दिल्ली तक
प्रतिदिन जाती है।
साहिल त्यागी
त्यागी मोटर ट्रांसपोर्ट कम्पनी
बस स्टैंड चरथावल
Mobile No. 9634405001

समस्त क्षेत्रवासियों को
राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
26 JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY
काला प्रधान चौकड़ा
युवा ब्लॉक अध्यक्ष, चरथावल, मुजफ्फरनगर

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (रजि.)
शाखा-चरथावल, जनपद-मुजफ्फरनगर
की ओर से आप सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
उमंग गर्ग (चरथावल)
गर्ग ट्रेडर्स, चरथावल
मो. 8909561777
संदीप कंसल (महामंत्री)
लवी मैडिकल स्टोर, चरथावल
मो. 9897634140

आप सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कंसल
(अध्यक्ष)
अनुज गर्ग
(प्रबंधक)
गांधी शिशु निकेतन, चरथावल

समस्त क्षेत्रवासियों को
राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
गुलफाम उर्फ
काला कुरैशी
सभासद, नगर पंचायत, चरथावल

आप सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
हरीश त्यागी (सोनू)
त्यागी मोटर ट्रांसपोर्ट कम्पनी
बस स्टैंड चरथावल
Mobile No. 9760567194

आप सभी क्षेत्रवासियों को मेरी ओर से
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
गौरव त्यागी
समाजसेवी
कानूनगोयान चरथावल, मुजफ्फरनगर

आप सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनीष गर्ग
अध्यक्ष
राजीव गर्ग
प्रबंधक
अनीता गौतम
प्रधानाचार्य
अभय जैन
संरक्षक
गांधी बालिका इण्टर कॉलेज, चरथावल

आप सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आस्रूप कुच्छल
प्रबंधक
अरविन्द गोयल
अध्यक्ष
जितेन्द्र कुमार
प्रधानाचार्य
आदेश गर्ग नवरंग
संरक्षक
गांधी इण्टर कॉलेज, चरथावल, मुजफ्फरनगर

आप सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. विपिन त्यागी
(वरिष्ठ भाजपा नेता)
श्रीमती गुड्डी त्यागी
(जिला पंचायत सदस्य)

आप सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
REPUBLIC DAY
विनेश त्यागी
चेयरमैन/प्रबंध निदेशक
प्रवीण त्यागी
डायरेक्टर
पंकज त्यागी
डायरेक्टर
संजय सिंह
प्रधानाचार्य
नालन्दा पब्लिक स्कूल, चरथावल

26 January Republic Day
आप सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
ब्रह्मप्रकाश गर्ग
अध्यक्ष
डॉ. अनीता रानी
प्राचार्य
विनोद सिंघल
प्रबंधक
महाराजा अग्रसेन कन्या (पी.जी.) महाविद्यालय
चरथावल, मुजफ्फरनगर
राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज से शिक्षा प्राप्त करने का एकमात्र स्थान

# शाहपुर में कौमी एकता को समर्पित अखिल भारतीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन

- देश दुनिया के नामचीन कवि एवं शायरों ने भोर काल तक समां बांधा
- बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के साथ-साथ कई राजनीतिक हस्तियां बनी कार्यक्रम में अतिथि
- शाहपुर चेयरमैन हाजी अकरम एवं उनकी टीम का सफल कार्यक्रम चर्चा का विषय बना

**शाहपुर, 27 जनवरी (बु.)।** 26 जनवरी की शाम एक शाम देश के नाम एवं कौमी एकता को समर्पित कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी एवं समाजसेवी हाजी शाहिद त्यागी जी के द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक राजपाल बालियान ने फीता काटकर मुशायरे का शुभारंभ किया तथा पूर्व एमपी अमीर आलम खान साहब एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ के द्वारा शमा रोशन की गई। बतौर मुख्य अतिथि शाहनवाज राणा, पूर्व विधायक नवाजी सलाम खान, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी तथा क्षेत्र की नामचीन हस्तियों ने मुशायरे एवं कवि सम्मेलन में शिरकत की। डॉ. नवाज देवबंदी, इकबाल अशर, इकबाल अजहर, संचालनकर्ता, अरुण जैमिनी, कुंवर जावेद, अल्ताफ जिया, आदिल रशीद, खुर्शीद हैदर, सुंदर कटारिया, अनवर आमान, राधिका मित्तल आदि ने अपने कलाम पेश किये। एक शायर ने कहा कि मेरे दोस्त बहुत भाई-भाई करते हैं नजर के हटते ही बुराई करते हैं। इस दौरान पूर्व सांसद अमीर आलम, विधायक राजपाल बालियान, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, पूर्व विधायक नवाजिश आलम, पूर्व विधायक नूर सलीम राणा, बुढ़ाना अध्यक्ष पति सुबोध त्यागी, अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार, मान्यता प्राप्त पत्रकार उत्तर प्रदेश शासन सचिन संगल, सभासद मनोज सैनी, सभासद सोनू सैनी, कलाम अंसारी, वकीला बेगम, आसिफ सलमानी आदि उपस्थित रहे। जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी भी उपस्थित रहे।









# शाहपुर में चेयरमैन अकरम कुरैशी ईओ दीपक कुमार ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा

- टाउन एरिया द्वारा पूरे नगर को तिरंगे से सजाया गया - पंचायत दफ्तर से पूरे इलाके में गूंजते रहे देशभक्ति के तराने

**शाहपुर, 27 जनवरी (बु.)।** 26 जनवरी पर पूरे देश के साथ-साथ शाहपुर नगर पंचायत कार्यालय पर भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम कुरैशी ने नगर पंचायत कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। सरकारी समय निर्धारित सुबह 8:30 पर समस्त सभासदों एवं नगर पंचायतकर्मियों की उपस्थिति में अध्यक्ष अकरम कुरैशी, अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने तिरंगा फहराया, तो समस्त वातावरण करतल ध्वनि से गूंज उठा। इस अवसर पर आजादी के मतवालों को याद किया गया तथा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की याद में नारे लगाए गए। साथ ही साथ राष्ट्रगान किया गया। सभासद विशाल गर्ग ने उपस्थित सभी अतिथियों सभासदों एवं कर्मचारियों को शासन की ओर से भेजी गई देश की एकता और अखंडता एवं कर्तव्य निष्ठा से जुड़ी शपथ दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सचिन संगल ने देश की आजादी के स्वर्णिम इतिहास के बारे में अपने संबोधन में जानकारी दी। इसके बाद अध्यक्ष द्वारा सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी के अलावा मान्यता प्राप्त पत्रकार सचिन संगल, सभासद मनोज सैनी, अब्दुल कलाम अंसारी, विशाल गर्ग, वकीला बेगम, सोनू सैनी, सतीश पाल, बुद्ध प्रकाश, आदिल खान, मनोज अरोरा, रीनू, मोहसिन रंगरेज, आसिफ सलमानी के साथ-साथ मास्टर वसीम, सफाई नायक राजीव मेहरा संदीप पाल, नगर पंचायत कर्मी सचिन कुमार, नईम, सावन, गौरव बंसल, बबलू नामदेव, हर्ष, राशिद एवं सफाई कर्मचारी भी उपस्थित रहे। नगर पंचायत कार्यालय पर दिनभर देशभक्ति के तराने गूंजते रहे। नगर पंचायत कार्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया था। किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर भी पुष्प अर्पित किए गए।





# शाहपुर शिशु मंदिर की प्रभात फेरी एवं झांकियों की रही धूम

**शाहपुर, 27 जनवरी (बु.)।** शाहपुर की सबसे प्राचीन शिक्षण संस्था सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप सिंह चौहान ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर समाज सेवी अशोक अग्रवाल, विद्यालय के प्रबंधक श्याम पाल संगल भाई जी, अध्यक्ष राकेश मित्तल, कोषाध्यक्ष अरुण मित्तल सह व्यवस्थापक मणिकांत मित्तल, सर्वव्यवस्था प्रमुख विनोद दीक्षित, प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा उपस्थित रहे। सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं की प्रभात फेरी एवं महापुरुषों की झांकी नगर में आकर्षण का केंद्र बनी रही।























1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## महाकुम्भ में अमित शाह और योगी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल सोमवार को महाकुंभ पहुंचे और डुबकी लगाई। उनके साथ राज्य के मुख्यमन्त्री योगी, बाबा रामदेव और कई संतों ने भी संगम में स्नान किया। इससे एक दिन पहले अखिलेश यादव ने भी संगम स्नान किया था। अखिलेश यादव महाकुंभ को लेकर दिए अपने बयानों के कारण भाजपा नेताओं के निशाने पर हैं। महाकुंभ में जहाँ उत्कृष्ट राजनैतिक व्यवस्था देखने को मिल रही है, तो धर्म की सुगंध भी फैल रही है। कई भंडारे चल रहे हैं, जो बड़े अहोभाव से श्रद्धालुओं को निःशुल्क अल्पाहार और भोजन करा रहे हैं। इन सबके बीच निकृष्ट राजनीति भी जमकर चल रही है। साधु संत निकृष्ट राजनीति करने वालों को धिक्कार भी रहे हैं। कल संगम में मुख्यमन्त्री योगी और अमित शाह के स्नान के चित्र और वीडियो सोशल मीडिया पर छाए रहे। अमित शाह ने करीब 10 मिनट तक संगम स्नान किया। शाह को संतों ने मंत्रोच्चार के बीच आचमन कराया। सीएम योगी ने बाबा रामदेव के साथ योग किया। स्नान के बाद अमित शाह ने संगम पर परिवार के साथ पूजा की। इसके बाद शाह अक्षयवट पहुंचे। प्रयागराज पहुंचने से पहले अमित शाह ने एक्स पर लिखा, महाकुंभ सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है। कुंभ समरसता पर आधारित हमारे सनातन जीवन-दर्शन को दिखाता है। धर्म नगरी प्रयागराज में एकता और अखंडता के इस महापर्व में संगम स्नान करने और संतजनों का आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं। अखिलेश यादव ने 29 दिसंबर को लखनऊ में कहा था, कुंभ में निमंत्रण नहीं दिया जाता। कुंभ में लोग अपने आप आस्था से आते हैं। मैं किसी के बारे में कुछ कहना नहीं चाहता। हमने अपने धर्म में सीखा और पढ़ा है कि ऐसे आयोजनों में लोग खुद आते हैं। अखिलेश ने 15 जनवरी को हरिद्वार में कहा था, इतने संसाधन होने के बाद भी अगर महाकुंभ में कमियां रहती हैं, तो कहीं न कहीं सवाल खड़े होते हैं। हमें उम्मीद है कि सरकार उन तमाम कमियों पर ध्यान देगी और दूर करेगी। फिर 16 जनवरी को लखनऊ में कहा था, सरकार का हर आंकड़ा फर्जी है। कुछ ट्रेनें खाली जा रही हैं। सुनने में ये भी आया है कि गोरखपुर वाली ट्रेन खाली गई है। मोटी-मोटी बात ये है कि भाजपा का हर आंकड़ा फर्जी है। 22 जनवरी को योगी कैबिनेट ने प्रयागराज में बैठक की थी। इसके बाद संगम में डुबकी लगाई थी। इस पर अखिलेश यादव ने तंज कसा था। अखिलेश ने एक्स पर लिखा था, त्रिवेणी को करें प्रणाम और रखें नहान का मान। यही प्रार्थना है प्रभु से, जो भी संगम तट जाए, उनके अंदर सौहार्द-प्रेम और करुणा उपजाए। झूठ न बोलो गंगा के तट, न करो घोषणा बिन-बजट। अखिलेश यादव के बयानों पर उप मुख्यमन्त्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जब अखिलेश यादव ने महाकुंभ क्षेत्र में प्रवेश किया और स्नान किया, तो हम सबको अच्छा लगा। उन्होंने कहा था कि प्रयागराज में कैबिनेट का आयोजन करना राजनीतिक है। कल वे मुलायम सिंह की प्रतिमा कुंभ क्षेत्र में लगाने वाले लोगों से मिले। प्रतिमा पर माला पहनाई। क्या ये राजनीतिक नहीं है? ये राजनीतिकरण नहीं है? ब्रजेश पाठक ने कहा,भारतीय राजनीति में इस तरह की दोरंगी नीति को लोग स्वीकार नहीं करते हैं। अखिलेश यादव को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अखिलेश को ये सोचना चाहिए कि एक तरफ आप सदियों से चली आ रही सनातन परंपरा पर सवाल उठा रहे हैं। दूसरी ओर व्यवस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं। उनके कार्यकाल में जब कुंभ का आयोजन हुआ था, तो किस तरह की अव्यवस्थाएं थीं। गंदगी थी, भगदड़ मची थी, कितनी जानें गई थीं। उनके पास इसका जवाब नहीं है। उनकी विचारधारा ही नहीं है कि सनातन धर्म को पुष्पित होते देखें। ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश हमेशा नकारात्मक बातें करके लोगों को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं। सपा के डीएनए ही में तुष्टिकरण है। सपा में एक वर्ग को खुश करने की बात है। आज महाकुंभ में देश-दुनिया के लोग आए हैं। यूपी सरकार ने जिस तरह की व्यवस्थाएं की हैं, सब लोग तारीफ कर रहे हैं। उन्होंने कहा,योगीजी के नेतृत्व में महाकुंभ में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, तो देश-दुनिया के लोगों ने माना कि सरकार ने यहां पर अच्छे फैसले लिए हैं। हमारी जिम्मेदारी यूपी के चहुंमुखी विकास के लिए है। सनातन संस्कृति को अक्षुण्य रखते हुए देश-दुनिया में भारत मां की पताका जाए, इस पर सरकार काम कर रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में महाकुंभ बेहतर से बेहतर हो रहा है। दुनिया नजारा देख रही है, अखिलेश यादव के पेट में किस बात का दर्द है। महाकुंभ के आंकड़ों को अखिलेश ने फर्जी बताया था। इस सवाल पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश को जानकारी ही नहीं है। 2013 में जब कुंभ का आयोजन हुआ था, तो अखिलेश ने स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 3 करोड़ से ऊपर बताई थी। आज जब 5 से 8 करोड़ श्रद्धालु एक दिन में आ रहे हैं, तो अखिलेश के पेट में दर्द क्यों हो रहा है। मौनी अमावस्या के स्नान की तैयारियों पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि बेहतर व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। कहीं कोई दिक्कत न होने पाए, इसके लिए पूरे इंतजाम किए जा रहे हैं। उत्कृष्ट और निकृष्ट राजनीति के बीच महाकुंभ में निःशुल्क भंडारों का भी खूब चर्चा है। प्रयागराज में चल रहे सैकड़ों छोटे-बड़े भंडारे प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं को निःशुल्क खाना खिला रहे हैं। अखाड़ों या संतों के आश्रमों में चलने वाले भंडारों से अलग विभिन्न निजी संस्थाओं के ये भंडारे सुबह 6 बजे चाय-नाश्ते से लेकर रात का भोजन तक कराते हैं। कुंभ सिटी में पूरे दिन कहीं न कहीं, कोई न कोई भंडारा चलता ही रहता है, जिनमें राह चलते श्रद्धालुओं को प्यार से बुला-बुलाकर भंडारे में बिठाया जाता है। एक अन्नक्षेत्र से जुड़े प्रबंधक का कहना है कि उनके भंडारे में आम दिनों में 10 हजार लोग खाना खाते हैं, जबकि अमृत स्नान और अधिक भीड़ वाले दिनों में खाना खाने वालों की संख्या 15 हजार से भी अधिक हो जाती है। बड़े अन्नक्षेत्रों में रसोई में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। छोटे भंडारे सड़क किनारे टेबल पर बर्तन सजाकर आते-जाते लोगों को खाना बांटते हैं, जबकि बड़े भंडारों में खाने के हॉल बने हैं जहां लोगों को पंगतों में बिठाकर खाना परोसा जाता है। भंडारों से इतर भी कुंभ में कई तरह के स्वाद मिलते हैं। स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं, पंडों के बीच केतली हाथ में लिए हुए चाय बेचने वाले भी कुंभ की पहचान बन गए हैं।

### चार मोती

सुनील उत्सव

'असर' 'वक्त' 'दौर' 'पुल्टा'

शैतानों पर धमकाने का अब तो असर होता ही नहीं,
धमकाने का वक्त नहीं है,धमकाने का वक्त गया।
खुद ही समझाना है अब तुमको दौर ये उल्टा पुल्टा है,
समझाने का वक्त नहीं है,समझाने का वक्त गया।



## जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बुस.)।** आज जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सुनील गोयल, सुलभ गोयल, शाश्वत गोयल तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर सुंदर नृत्य, गीत, मौलिक अधिकार के प्रति जागरूकता एवं मतदान में मतदाता की भूमिका के महत्व को बताते हुए भाषण व अन्य देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय में कक्षा स्तर पर गणतंत्र दिवस से संबंधित पोस्टर एवं बैज बनाना आदि गतिविधियाँ भी आयोजित की गई। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में श्रीगोपीचंद मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट भी आयोजित किया गया, जिसके अन्तर्गत अभिभावकों ने हिस्सा लिया। देश के 76वें राष्ट्रीय पर्व पर विद्यालय की प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने सभी छात्रों को राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमें अपने देश की रक्षा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमें अपने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए सभी प्रयास करने चाहिए। सभी को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और अपने देश की सेवा करनी चाहिए। हम सभी को स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

# जीआईसी ग्राउंड में मंत्रियों ने किया पार्क का लोकार्पण, महाराजा परीक्षित हैप्पीनेस पार्क से होगी नई पहचान

**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** रविवार देर सायं जीआईसी मैदान में एमडीए द्वारा विकसित महाराजा परीक्षित हैप्पीनेस पार्क का रंग-बिरंगी लाइटों के बीच लोकार्पण किया गया। प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनिल कुमार एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यावसायिक शिक्षा उद्यमशीलता कौशल विकास विभाग कपिल देव अग्रवाल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल द्वारा संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इससे पूर्व मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष कविता मीणा के नेतृत्व में विकसित महाराजा परीक्षित हैप्पीनेस पार्क के अंतर्गत फाउंटेन, सेल्फी वॉल, लाइट एवं साउंड इत्यादि व्यवस्था के साथ कारगिल शहीद स्मारक, टॉय ट्रेन, चिल्ड्रन पार्क, ओपन जिम आदि की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में सीडीओ संदीप भागिया, एमडीए सचिव आदित्य प्रजापति, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्राधिकरण का स्टाफ मौजूद रहा। जनपदवासियों द्वारा इस दौरान प्राधिकरण द्वारा विकसित इस मनोरंजन स्थल में उत्साह व हर्षोल्लास के साथ में हिस्सा लिया। बता दें, एमडीए की ओर से जीआइसी मैदान को नया रंग रूप



देने के साथ पिकनिक स्पॉट के रूप में

विकसित करने के लिए काम कर रहा है।



मैदान के अंदर फव्वारा सहित चिल्ड्रन पार्क, टायट्रेन, ओपन जिम, सेल्फी प्वाइंट सहित सौंदर्यकरण कार्य के लिए एक करोड़ से अधिक का बजट खर्च करने की योजना है।

एमडीए की उपाध्यक्ष कविता मीना के निर्देशन में जीआईसी मैदान को पिकनिक स्पॉट बनाने की पहल की गई है। मैदान को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए वहां स्थापित ओपन जिम को विस्थापित कर बनाए एमपी थियेटर के तहत फाउंटेन, लाइट, साउंड आदि व्यवस्था के साथ ही दर्शकों व आगंतुकों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था के लिए स्लेब डाली गई हैं। इसी परिसर के पास एक सेल्फी प्वाइंट बना है, जो मुजफ्फरनगर के विकास की छाप आने वाली पीढ़ी के बच्चों पर भी छोड़ेगा।







# कलेक्ट्रेट में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

## - डीएम ने अधीनस्थों को दिलाई गणतंत्र के संकल्प की शपथ - स्कूली बच्चों को बैग-गिफ्ट देकर किया डीएम ने सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण करते हुए उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को भारतीय गणतन्त्र के संकल्प की शपथ दिलाई, इसके बाद उन्होंने स्कूली बच्चों को स्कूल बैग एवं गिफ्ट वितरण कर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज हम सभी लोग 76वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं, खुशी की बात है, कि आज के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि हम सबको पूर्ण ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करना है। देश के शहीदों के बलिदान के कारण आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं, हम सबका दायित्व बनता है कि हम अपनी कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करें व देश सेवा में अपना योगदान दें, हम सभी जनता के सेवक हैं, हमें यह प्रयास करना चाहिए कि किसी आम नागरिक को जो हमारे पास समस्याएं लेकर आते हैं, उनकी समस्याओं का समय से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग व बलिदान से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। यही इन अमर शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

एडीएम राजस्व गजेंद्र कुमार एवं एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान की प्रस्तावना हमारे देश का संकल्प एवं उद्देश्य है। देश को कैसा बनाना है यह संविधान प्रस्तावना में उल्लिखित है, हम सभी को भारत को उन्नत राष्ट्र बनाने के लिए सामाजिक व आर्थिक क्षेत्र में विशेष कार्य किए जाने की आवश्यकता है। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान 2 साल 11 माह 18 दिन में 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हो गया था तथा 26 जनवरी 1950 से पूरे देश में लागू हो गया,तब से लेकर हम सभी इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस दिन हम भारतीय अपने देश के लिए प्राण देने वाले अमर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस दौरान एसडीएम अपूर्वा यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# राज्यपाल ने डॉ. महावीर सिंह को किया पद्मश्री से सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** 26 जनवरी राष्ट्रीय पर्व पर अलंकरण समारोह में राज्य कला अकादमी उत्तर प्रदेश द्वारा डॉ. महावीर सिंह को पद्मश्री बाबा योगेंद्र कला सम्मान प्रदान किया। उन्हें यह सम्मान राजभवन परिसर लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान पत्र के साथ एक खूबसूरत ट्रॉफी, 51,000 रुपए की धनराशि व शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। यह पुरस्कार संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पद्मश्री बाबा योगेंद्र जी की पावन स्मृति में दिया जाता है। बाबा योगेंद्र भारतीय संस्कृति के प्रबल हिमायती रहे हैं। डॉ. महावीर सिंह डीएवी पीजी कॉलेज में बतौर कला विभाग से सेवानिवृत होकर निरंतर कला के क्षेत्र में सेवा कार्य करते रहे हैं। अपने ललित कला अकादमी के ग्रीष्मकालीन शिविर जो जून माह में 1 महीने के लिए लगाए जाते थे आयोजित करते रहे हैं। इसी के साथ निरंतर देश की विभिन्न आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी लगाते रहे हैं। कला छात्रों के लिए अच्छे विद्यालयों में प्रवेश तथा नेट टीजीटी आदि परीक्षाओं की तैयारी भी निःशुल्क करते रहे हैं। इस कार्य में ललित कला अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा एवं सदस्य डॉ. दुर्जन सिंह राणा का सहयोग भी मिलता रहा है।



## शहीदों की स्मृति में 30 को होगा 11 बजे 2 मिनट का मौन

**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में प्रति वर्ष 30 जनवरी को पूरे देश में पूर्वान्ह 11 बजे दो मिनट का मौन रखा जाता है। उक्त के संबंध में निर्देश दिये गये हैं कि 30 जनवरी की पूर्वान्ह 11 बजे 02 मिनट का मौन धारण किया जाना चाहिये तथा काम और गतिविधियां रोक दी जानी चाहिये। जहां कहीं सम्भव हो 2 मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जानी चाहिये। सायरन पूर्वान्ह 10:59 बजे से 11 बजे तक बजाये जाने और 02 मिनट के बाद 11:02 बजे से 11:03 बजे तक पुनः क्लियर सायरन बजाये जाने चाहिये।

## द गुड़ खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेन्ट एसोसिएशन ने मनाया गणतंत्र दिवस



**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** गणतंत्र दिवस नवीन मंडी स्थल स्थित द गुड़ खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेन्ट एसोसिएशन कार्यालय प्रांगण में रविवार को पूर्ण निष्ठा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष संजय मित्तल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। वहीं उपस्थित अतिथियों एवं व्यापारियों ने इस दौरान देश की एकता व अखंडता की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक अशोक कंसल, महेश चौहान, प्रमोद मित्तल, पूर्व सभासद आशुतोष गुप्ता आदि ने सभी व्यापारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के मुख्य न्यायाधीश हरिशंकर मूंदडा, मंत्री हरिशंकर तायल, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बंसल, अरविंद गोयल, कृष्ण चंद्र मूंदडा, अमरीश सिंघल, मुकेश जैन पप्पू, राजेश गोयल, अनिल कुमार, अजय सिंघल, विनोद छाबड़ा, नितिन सिंघल, निरंजन कुमार, पंकज जिंदल, स्वदेश जैन, अंकित गोयल, आदेश कुमार, इंद्रजीत राठी, सज्जन जैन, विवेक गोयल, सचिन मोहन गोयल, चरण सिंह, आदेश कुमार, निकुंज बंसल, आकाश कुमार, श्याम सुंदर, अनुज सिंघल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

आवश्यक सूचना
सिंघल नर्सिंग होम
डॉ. हेमी सिंघल
M.B.B.S. (MAMC), DGO (LHMC)
Diplomate American Board of Family Medicine
Diplomate American Board of Obesity Medicine
PG Diploma Diabeted & Endocrinology (UK)
Consultant Endocrinologist & Weight Loss Specialist
दिनांक 29-01-2025, दिन बुधवार को
डॉ. हेमी सिंघल
शुगर, थाइरोइड, Pcos, मैडिकल वेटलॉस
B.P., कोलेस्ट्रॉल आदि के मरीजों को देखेंगी।
नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें
सिंघल नर्सिंग होम
कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
मो.: 9837082912

# जनपद भर में शान से फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

## – प्रभात फेरियां निकालकर देश के शहीदों को किया नमन

**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद भर में शान से सरकारी व निजी कार्यालयों के साथ घरों पर तिरंगा फहराया गया। अभियान की इस कड़ी में गणतंत्र दिवस के मौके पर जहां एक ओर सभी शिक्षण संस्थानों में प्रातः छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई वहीं अधिकांश स्कूलों में छात्र-छात्राओं द्वारा इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनपद मुख्यालय पर इस बीच दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वहीं सभी सरकारी भवनों पर झंडा फहराया गया तथा संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण तथा राष्ट्रीय गान का आयोजन किया गया।

इसके साथ सभी चौराहों पर लगी महान विभूतियां की मूर्तियों पर फूल मालाओं को अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। सभी शिक्षण संस्थानों में झंडा फहराया गया। झंडारोहण के पश्चात खेल-कूद, वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

वहीं जिला कारागार व जिला अस्पताल तथा कुष्ठ आश्रम में महिला बंदियों किशोर बंदियों एवं रोगी बंदियों एवं मरीजों को विभिन्न संगठनों की ओर से फल वितरण किए गए।

# चिल्ड्रन एकेडमी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि





**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बुस.)।** चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल में आज शनिवार को विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने गणतंत्र दिवस के पावन राष्ट्रीय पर्व पर देश के शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। देश के शहीदों को याद करते हुए देश के संविधान के महत्त्व को बताया व देशभक्ति पूर्ण नारे लगाए। इसके उपरांत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों के सामने देश प्रेम के किस्से व देश भक्ति पर आधारित कविताएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर बच्चों ने सरस्वती वंदना, नन्हा मुन्ना राही हूं, ये देश है वीर जवानो का, मेरा रंग दे बसंती चोला, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी आदि गानों पर अपनी प्रस्तुति दी। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में गणतंत्र दिवस पर जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या ने कहा कि आज हम 76वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं, जो 26 जनवरी, 1950 को हमारे संविधान को अपनाने का प्रतीक हैं। यह दिन बहुत खास हो जाता है, क्योंकि इसी दिन हमने अंग्रेजों के नियम-कायदों से हटकर अपना अलग संविधान तैयार करके उसे लागू किया। अंत में सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। इस मौके पर सभी बच्चे और शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# माउंट लिट्रा जी स्कूल में हुआ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बुस.)।** लिंक रोड स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया। यह दिन हमारे संविधान और लोकतंत्र की महानता का प्रतीक है। स्कूल ने इसे बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निर्देशिका श्रीमती चारू भारद्वाज जी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ और सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाया। तत्पश्चात छात्रों द्वारा देशभक्ति से प्रेरित नृत्य, गीत और नाटकों का प्रदर्शन किया गया, जिसने सभी को गर्व और प्रेरणा से भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय को अत्यंत मनमोहक ढंग से सुसज्जित किया गया जिसमे सारा विद्यालय तिरंगामय नजर आया। विद्यालय निर्देशिका चारू भारद्वाज ने अपने संदेश में कहा कि "गणतंत्र दिवस केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे संविधान के आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करने का दिन है। हमें गर्व है कि हम अपने छात्रों को न केवल शैक्षणिक रूप से सक्षम बना रहे हैं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की शिक्षा भी दे रहे हैं।" प्रधानाचार्या अनुराधा गुप्ता ने अपने संबोधन में छात्रों को संविधान के महत्व और उनके कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि "गणतंत्र दिवस हमें न केवल अपने अधिकारों का सम्मान करने की सीख देता है, बल्कि देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपने दायित्वों को निभाने की प्रेरणा भी देता है।" कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से देश के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। माउंट लिट्रा जी स्कूल सदैव अपने छात्रों को अच्छे नागरिक और देशभक्त बनने की शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया देशभक्ति का जश्न



**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की प्रकाश मार्किट इकाई द्वारा गणतंत्र दिवस पर एक शाम देश के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल रहे। इस दौरान सभी व्यापारियों ने देश भक्ति के गीतों पर झूम कर आनंद उठाया एवं कार्यक्रम में आए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रांतीय अध्यक्ष संजय मित्तल ने व्यापारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोई भी व्यापारी गलत तरीके से व्यापार ना करें तथा ईमानदारी से अपना व्यापार करें। देश की उन्नति के लिए सरकार को सही समय पर टैक्स जमा करें। जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने व्यापारियों को एकजुट रहने का संदेश दिया। इस दौरान प्रकाश मार्किट इकाई से राजेश खन्ना को नगर मंत्री, हर्ष संगल को नगर युवा मंत्री, रजत गुप्ता को नगर युवा मंत्री मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में कामेश्वर त्यागी, संजय बंसल, मनोज पुंडीर, प्रमोद त्यागी, जय पाल शर्मा, अंशुमान अग्रवाल, नीरज बंसल, पुनीत सिंघल, धारा सिंह पाल, राहुल वर्मा, प्रवीण कुमार, संजय चौधरी, सिराज भाई, संजीव वर्मा, अमित गोयल, अमित राय जैन, नितिन जैन, संजीव सिंघल, अमित कुमार, एके कंसल, राजीव राठी, प्रवीण अग्रवाल, अमजद सैफी, विवेक गर्ग सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र का नाम अथर्व प्रताप सिंह सैनी (ATHARV PRATAP SINGH SAINI) से बदलकर अथर्व प्रताप सिंह (ATHARV PRATAP SINGH) रख लिया है। अब भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

पंकज कुमार
पुत्र राजकुमार
ग्राम- निरमाना, जिला- मुजफ्फरनगर

नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 जनवरी 2025, दिन मंगलवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।
इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
इस कैम्प में
- पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा सम्बधित रोग जैसे- बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज
नि:शुल्क पी.एस.ए. (गदूद के कैंसर की जाँच)
ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री (पेशाब की धार की जाँच)
स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर
फ्री परामर्श का समय
28 जनवरी 2025, मंगलवार प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779
रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

## प्रणव सिंह चैंपियन गए जेल, विधायक उमेश को मिली बेल

**हरिद्वार, 27 जनवरी (एजेंसी)।** हरिद्वार जिला पुलिस ने भाजपा के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन को खानपुर के विधायक उमेश कुमार के रुड़की स्थित कैंप कार्यालय पर गोलीबारी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। खानपुर टछ्अ उमेश कुमार को भी पुलिस ने बाद में अरेस्ट कर लिया था। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने 40-40 हजार रुपये के दो मुचलकों पर विधायक उमेश कुमार को जमानत दे दी, लेकिन प्रणव सिंह चैंपियन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि दोनों नेता पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक दूसरे के खिलाफ हमलावर थे। रविवार शाम को उस वक्त माहौल तनावपूर्ण हो गया जब खानपुर के पूर्व विधायक चैंपियन अपने दल-बल के साथ उमेश कुमार के कैंप कार्यालय पहुंचे और कथित तौर पर हवा में गोलियां चलाईं। इस दौरान दोनों के समर्थकों के बीच संघर्ष हुआ। इस घटना के बाद इलाके में हड़-कंप मच गया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें तड़ातड़ फायरिंग की आवाजें सुना रही हैं। वारदात की सूचना मिलने के बाद विधायक उमेश कुमार अपने समर्थकों के साथ चैंपियन के दफ्तर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। बताया जाता है कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कथित तौर पर मुकेश कुमार हाथ में पिस्तौल लेकर चैंपियन के कार्यालय के अंदर दौड़ते हुए जा रहे थे। इस दौरान वह कथित तौर पर गाली-गलौज कर रहे थे। उमेश कुमार का आरोप था कि चैंपियन ने दो दिन पहले सोशल मीडिया पर उनके साथ गाली-गलौज की थी। पीटीआई-भाषा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना के बाद उमेश कुमार शनिवार रात को लंढौरा स्थित चैंपियन के आवास पहुंच गए थे। उन्होंने इस दौरान अपशब्द कहे थे। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। चैंपियन की ओर से मिली तहरीर के आधार पर विधायक उमेश कुमार के खिलाफ भी एक मुकदमा दर्ज किया गया था।

## सनातन बोर्ड पर संतों में दो फाड़, धर्म संसद से अखाड़ा परिषद ने किया किनारा

**प्रयागराज, 27 जनवरी (एजेंसी)।** संगम की रेती पर सनातन बोर्ड के गठन के सवाल पर साधु-संत दो फाड़ हो गए हैं। महाकुंभ में धर्म संसद बुलाने का आह्वान करने वाले अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी ने सोमवार को ऐन वक्त पर इससे किनारा कर लिया। इस धर्म संसद में सभी 13 अखाड़ों के श्रीमहंत, महामंडलेश्वर और पीठाधीश्वर शामिल नहीं हुए। इससे सनातन बोर्ड के गठन को लेकर साधु-संतों की एकजुटता को तगड़ा झटका लगा है। अब अखाड़ा परिषद का कहना है कि सनातन बोर्ड से जरूरी वक्फ बोर्ड को भंग करना है। सबसे पहले वक्फ बोर्ड को भंग करने के लिए परिषद की ओर से अभियान चलाया जाएगा। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर बालकानंद गिरि के शिविर में धर्म संसद बुलाई थी। इसके लिए भव्य पंडाल का भी निर्माण कराया गया, लेकिन सोमवार को अखाड़े में धर्म संसद नहीं हुई। अलबत्ता सेक्टर 17 में भागवत कथा व्याख्याता देवकीनंदन ठाकुर की ओर से बुलाई गई धर्म संसद में भी वह नहीं पहुंचे। धर्म संसद से किनारा करने के सवाल पर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष का कहना था कि सनातन बोर्ड के गठन से ज्यादा जरूरी वक्फ बोर्ड को खत्म करना है। जब तक वक्फ बोर्ड समाप्त नहीं होता, तब तक सनातन बोर्ड के गठन से कोई फायदा नहीं मिल सकता। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष के मुताबिक वक्फ बोर्ड समाप्त करने के लिए सभी 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर व्यापक रूपरेखा बनाई जाएगी। इसके लिए प्रधानमंत्री, गृहमंत्री को पत्र भेजा जाएगा। धर्मसंसद में हिस्सा न ले पाने के पीछे उन्होंने स्थान परिवर्तन को भी बड़ा कारण बताया। उनका कहना था कि पहले अखाड़े में ही धर्म संसद प्रस्तावित थी, लेकिन कुछ लोग इसे खींचकर सेक्टर 17 में ले गए। उनका यह भी कहना है कि धर्म संसद के गठन की रूपरेखा पर महाकुंभ की भीड़ और वीआईपी आगमन की वजह से जितना चिंतन-मंथन होना था, नहीं हो सका, इसलिए भी इस आंदोलन का खाका नए सिरे से खींचा जाएगा।

## वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की हुई बैठक, 44 संशोधनों पर चर्चा के बाद विधेयक को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसी)।** संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। बिल को अगस्त 2024 में 14 बदलावों के साथ संसद के पटल पर रखा गया था। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने मीडिया से बातचीत में कहा,'' 44 संशोधनों पर चर्चा की गई। 6 महीने तक विस्तृत चर्चा के बाद, हमने सभी सदस्यों से संशोधन मांगे। यह हमारी अंतिम बैठक थी इसलिए, बहुमत के आधार पर समिति द्वारा 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया है। विपक्ष ने भी संशोधन सुझाए थे। हमने उनमें से प्रत्येक संशोधन को आगे बढ़ाया और उस पर मतदान हुआ, लेकिन उनके (सुझाए गए संशोधनों) समर्थन में 10 वोट पड़े और इसके विरोध में 16 वोट पड़े और वो मंजूर नहीं किया गया। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी को बजट सत्र के दौरान अपनी रिपोर्ट पेश करनी है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। वक्फ संपत्तियों के नियमतीकरण के लिए बने वक्फ एक्ट 1995 की मिस-मैनेजमेंट, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे मुद्दों के लिए आलोचना की जाती रही है। जेपीसी की 24 जनवरी को दिल्ली में हुई बैठक में विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया था दावा किया कि उन्हें ड्राफ्ट में प्रस्तावित बदलावों पर रिसर्च के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। आरोप लगाया कि बीजेपी दिल्ली चुनावों के कारण ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को संसद में जल्दी पेश करने पर जोर दे रही है।पिछली बैठक में हंगामे के बाद कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा था, ह्लसंसदीय परंपराओं का पालन नहीं किया जा रहा और यह विधेयक पूरी तरह से समय के खिलाफ है। यह वक्फ की संपत्तियों को हड़पने की एक साजिश प्रतीत हो रही है और इसके माध्यम से देश में नफरत फैलाने की योजना बनाई जा रही है। हमने स्पीकर साहब से सवाल किया कि इतनी जल्दबाजी क्यों है, जबकि इस विधेयक को सत्र के आखिरी दिन, यानी 4 अप्रैल तक रखा जा सकता था। उन्हें यह आशंका है कि इस तरह की जल्दबाजी से सभी पक्षों को अपनी बात रखने का उचित समय नहीं मिलेगा।

## सहारनपुर में 1.06 करोड़ रुपये की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर, 27 जनवरी (एजेंसी)।** नानौता थाना पुलिस व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बरेली से तस्करी कर लाई गई 531 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार किए है। पुलिस का दावा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्मैक की कीमत करीब 1.06 करोड़ रुपये है। तस्करों से पास से दो मोबाइल व एक बाइक बरामद हुई है। पकड़े गए तस्करों के तीसरे साथी की तलाश की जा रही है। नानौता थाना पुलिस व एएनटीएफ टीम सहारनपुर ने सोमवार को गंगोह रोड स्थित हिमामपुर नहर पुल के पास बाइक सवार दो युवकों को रोकने का प्रयास किया। इस पर युवक पुलिस को चकमा भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दोनों युवकों को पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों युवकों की तलाशी लेने पर उनके पास से 531 ग्राम स्मैक बरामद हुई। स्मैक तस्कर नौशाद पुत्र इरशाद तथा सारिक पुत्र इदरीश निवासी गांव घाटमपुर थाना नकुड़ के रहने वाले है। पुलिस ने बताया कि बरामद स्मैक की देश में कीमत करीब 25 लाख रुपये तो वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब एक करोड़ छह लाख रुपये है। पुलिस को तस्करों के पास से दो मोबाइल व एक बाइक सहित कुछ नकदी भी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान स्मैक तस्करों ने बताया कि वह अपने एक अन्य साथी के कहने पर बरेली स्मैक लाकर उसको देते हैं, जिसके बदले वह उन्हें अच्छी खासी रकम देता है। इससे वह अपने खाने पीने का शौक पूरा करते हैं। दोनों तस्करों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। जिले में स्मैक की तस्करी के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। नानौता में स्मैक पकड़ने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी थाना मंडी, कुतुबशेर आदि क्षेत्रों में स्मैक पकड़ी जा चुकी है। अधिकांश मामलों में बरेली से ही स्मैक को लाना सामने आया है।

# मंत्री कपिल देव ने परेड की ली सलामी, दिया संदेश

### ▸ रिजर्व पुलिस लाइंस परेड में दिखाई दिया देशभक्ति का जज्बा ▸ उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया प्रतिभाओं को सम्मानित













**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** रिजर्व पुलिस लाइन्स के मैदान में रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित भव्य परेड में खाकी का जज्बा सर्द हवाओं के बीच जोशीले अंदाज के साथ दिखाई दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने ध्वजारोहण करते हुए परेड की सलामी ली तथा परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया गया। छठवीं वाहिनी पीएसी मेरठ बैंड दल द्वारा राष्ट्रीय धुन बजायी। इस दौरान डीआईजी-एसएसपी अभिषेक सिंह ने पुलिसकर्मियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं भारतीय संविधान व कानून का पालन करने और कराने की शपथ दिलायी।

रिजर्व पुलिस लाइन्स में संपन्न हुई परेड में प्रथम कमाण्डर सीओ खतौली रामाशीष यादव, द्वितीय कमाण्डर प्रतिसार निरीक्षक ऊदल सिंह एवं तृतीय कमाण्डर म.उ.नि. ज्योति चौधरी के नेतृत्व में मार्च पास्ट/प्रदर्शन किया गया। परेड में यातायात पुलिस, सशस्त्र व नागरिक पुलिस के साथ पीएसी, एनसीसी, अग्निशमन पुलिस की टुकड़ी के साथ मोटरसाईकिल दस्ता, श्वान दल, रेडियो सैक्शन, विधि विज्ञान इकाई वाहन, यूपी 112 के वाहन, वज्रवाहन, क्रेन, फायर टैंकर आदि शामिल रहे। मुख्य अतिथि कपिल देव ने जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व सराहनीय कार्यों में अहम भूमिका निभाने वाले सीओ गजेन्द्र पाल सिंह को गृहमंत्री अन्वेषण उत्कृष्टता पदक एवं निरीक्षक आनंद देव मिश्र को शौर्य के आधार पर प्रशंसा चिन्ह, सिल्वर पदक और मुख्य आरक्षी दिनेश पाल शौर्य के आधार पर प्रशंसा चिन्ह, सिल्वर पदक देकर उन्हें सम्मानित किया। इसके अलावा मुख्य अतिथि ने सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी व समाज में महत्वपूर्ण







योगदान/सामाजिक सेवाओं के लिए जनमानस को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इससे पूर्व डीआईजी एवं एसएसपी मुजफ्फरनगर अभिषेक सिंह द्वारा मुख्य अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार समेत क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक लाइन/रेडियो व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मी के साथ गणमान्य व्यक्ति, पुलिस पेंशनर्स, न्यायिक अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ में बंधक बने परिवार के लोगों को मुक्त कराये जाने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** नगर कोतवाली के गांव लकड़संधा के एक परिवार को छत्तीसगढ़ राज्य में बंधक बनाकर काम कराये जाने की सूचना परिजनों ने जिला प्रशासन को दी और परिवार के सदस्यों को वहां से बंधनमुक्त कराये जाने की गुहार लगाई। शहर कोतवाली के गांव लकड़संधा के रहने वाले अरुण अपने परिवार, महिलाओं व बच्चों के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और जानकारी देते हुए बताया कि उसका परिवार व उसके परिवार के कुछ लोग कुछ समय पहले छत्तीसगढ़ के जिला करावदा के थाना पिपिरिया के गांव गामपुर में कोल्हू पर भट्टी की झुकाई के लिए गये हुए थे, जहां ठेकेदार ने तयशुदा शर्त पर उनसे काम कराया। जब काम खत्म हो गया और उन्होंने अपनी मजदूरी का पैसा मांगा तो ठेकेदार पैसे देने में आनाकानी करने लगा और विरोध करने पर ठेकेदार ने पैसा देने से ही इंकार कर दिया। इसके अलावा ठेकेदार ने उसके परिवार के अन्य लोगों को वहीं बंधक बना लिया और जबरदस्ती काम कराया गया। अभी भी उसके परिवार के कुछ लोग वहां बंधक हैं और उनसे धमकी देकर काम कराया जा रहा है। अरुण कुमार ने जिला प्रशासन से उक्त सभी लोगों को बंधनमुक्त कराने की मांग की है।



## ऑब्जर्वर की निगरानी में होगा चंडीगढ़ मेयर का चुनाव, होगी वीडियोग्राफी

**चंडीगढ़, 27 जनवरी (एजेंसी)।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने सुनवाई करते हुए कहा कि चंडीगढ़ मेयर पद के लिए निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मेयर चुनाव के लिए चुनावी प्रक्रिया पर्यवेक्षक की मौजूदगी में आयोजित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने मेयर चुनाव की वीडियोग्राफी भी कराने का निर्देश दिया है। इसके लिए चंडीगढ़ यूटी के मुख्य सचिव और नगर आयुक्त को नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि चंडीगढ़ में 30 जनवरी को मेयर का चुनाव होना है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया था कि स्वतंत्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा जो पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान शारीरिक रूप से वहां मौजूद रहेगा। यूटी प्रशासन को चुनाव की वीडियोग्राफी करने और सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। कार्यकाल के मुद्दे पर न्यायालय ने उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आदेश में स्वतंत्र पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने पर्यवेक्षक का नाम बताए बिना आदेश पारित किया और कहा पूरी चुनाव प्रक्रिया उसकी मौजूदगी में होनी चाहिए।

## मोबाइल टॉवर चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर खतौली पुलिस ने किया 12 घटनाओं का खुलासा

**मुजफ्फरनगर, 27 जनवरी (बु.)।** पुलिस लाइन में एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि कई महीनों से लगातार मोबाइल टॉवरों पर उपकरण चोरी हो रहे थे। इस मामले में खतौली पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर खतौली, मंसूरपुर, नई मण्डी, दौराला, मेरठ क्षेत्रों में हुई 12 अलग अलग घटनाओं का खुलासा किया। इस खुलासे के लिए अलग अलग टीमों का गठन किया गया। खतौली थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा ने अपनी टीम के साथ रवि निवासी चांदसमंद थाना खतौली, दुष्यंत पाल निवासी सकौती बाईपास दौराला, अंकित शर्मा निवासी फरीदपुर थाना सरधना, केशव सैन निवासी मध्य प्रदेश ग्वालियर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। जबकि उनके दो साथी दीपक निवासी सकौती, मोनू शर्मा उर्फ दुष्यंत निवासी मेरठ, सकौती बाईपास से भाग जाने में सफल रहा। पुलिस ने पकड़े गए चार आरोपियों से 4 आरआर, 2 आरआर यू 4 मॉडयूल, 2 रैक्टीफायर, 5 मोबाइल, 1 स्कूटी, 1 मोटर साइकिल व 2 तमंचे बरामद किये हैं। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे पंजाब में मोबाइल टॉवर पर काम करते थे। इसी अनुभव के चलते उन्हें जानकारी थी कि मोबाइल टॉवरों में कौन सा सामान कीमती होती है। पंजाब से यहां आकर उन्होंने टॉवर चोरी पर उपकरण चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। उन्होंने कुल 12 घटनाओं को अंजाम दिया, जिनमें नई मण्डी, मंसूरपुर, खतौली, दौराला आदि स्थानों पर चोरी की गयी। पुलिस ने सभी का चालान कर जेल भेज दिया तथा दो आरोपियों की तलाश जारी है।

## अब एक देश-एक समय होगा लागू, उल्लंघन पर जुर्माना

**नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसी)।** देश में अब सभी को भारतीय मानक समय को अपनाना ही होगा। एक देश एक कर व्यवस्था (जीएसटी) लागू करने और एक देश एक चुनाव के लिए कदम बढ़ाने के बाद अब सरकार देश में जल्द ही 'एक देश एक समय' को लागू करने जा रही है। समय के मानकीकरण के लिए सरकार ने सभी आधिकारिक और कमर्शियल प्लेटफार्मों पर भारतीय मानक समय (आईएसटी) के उपयोग को अनिवार्य करते हुए नियमों का यह मसौदा तैयार किया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने 14 फरवरी तक लोगों से इस मसौदे पर सुझाव मांगे हैं। द लीगल मेट्रोलॉजी (भारतीय मानक समय) नियम, 2024 का उद्देश्य समय-निर्धारण प्रथाओं को मानकीकृत करने के लिए कानूनी ढांचा तैयार करना है। इसमें कानूनी, प्रशासनिक, कमर्शियल व आधिकारिक दस्तावेज के लिए आईएसटी को एकमात्र समय संदर्भ के रूप में अनिवार्य किया गया है। इसका मतलब यह है कि समय के संदर्भ के लिए केवल आईएसटी का ही उपयोग किया जाएगा। प्रस्तावित नियमों का उल्लंघन करने पर जुमार्ना लगेगा। मसौदा के अनुसार वाणिज्य, परिवहन, सार्वजनिक प्रशासन, कानूनी अनुबंध, वित्तीय संचालन सहित सभी क्षेत्रों में आईएसटी अनिवार्य होगा। इसके मुख्य प्रविधानों में आधिकारिक व कमर्शियल उद्देश्यों के लिए आईएसटी के अलावा अन्य समय संदर्भों पर प्रतिबंध, सरकारी कार्यालयों व संस्थानों में आईएसटी का अनिवार्य प्रदर्शन शामिल हैं। मसौदे में समय-सिंक्रनाइजेशन सिस्टम का भी प्रविधान है ताकि साइबर सुरक्षा, विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके। समय सिंक्रनाइजेशन से तात्पर्य यह सुनिश्चित करने की प्रक्रिया से है कि दो सिस्टम या डिवाइस एक सामान्य समय संदर्भ साझा करते हैं। इंजीनियरिंग, सुरक्षित संचार, भौतिक प्रणालियों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में यह महत्वपूर्ण है। उपभोक्ता मामलों का विभाग राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला व इसरो के साथ मिलकर मजबूत समय प्रसार तंत्र विकसित कर रहा है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि रणनीतिक और गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में नैनोसेकंड की सटीकता के साथ समय का होना जरूरी है। दूरसंचार, बैंकिंग, रक्षा और 5जी और एआई जैसी तकनीक में सटीक समय का पालन अहम है। समय में थोड़ा हेरफेर से बड़ा नुकसान हो सकता है। इस वजह से केंद्र सरकार पूरे देश में एक जैसी समय प्रणाली लागू कर रही है। एक देश में अलग-अलग टाइम जोन के कई नुकसान हो सकते हैं। ऐसा वैज्ञानिकों का मानना है।

## जुए के विवाद में दो परिवारों के बीच हुआ खूनी संघर्ष, चार लोगों की हत्या

**जबलपुर, 27 जनवरी (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में दो परिवारों के बीच हुए खूनी संघर्ष में चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति है। इसके मद्देनजर मौके पर पुलिस के आला अधिकारी और कई थानों के बल को तैनात किया गया है। पाटन क्षेत्र के पुलिस उप-विभागीय अधिकारी लोकेश डाबर ने फोन पर पीटीआई को बताया कि घटना सुबह करीब 11 बजे जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर स्थित टिमारी गांव में हुई। कारण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सुबह दो समूहों के बीच बहस हुई, जिसके बाद हिंसा हुई। अधिकारी ने बताया कि यह घटना दो समूहों के बीच पुरानी रंजिश का नतीजा थी। जानकारी के अनुसार, खेत में जुए खेलने को लेकर दो महीने से दोनों परिवारों के बीच विवाद चल रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 25 से 35 वर्ष की आयु के लोगों के एक समूह पर दूसरे पक्ष के सदस्यों ने हमला किया। अधिकारी ने बताया कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने नजदीकी अस्पताल ले जाने के तुरंत बाद दम तोड़ दिया। घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। उन्होंने बताया कि उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं और घटना की जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि गांव में भारी सुरक्षा व्यवस्था तैनात कर दी गई है। ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं मृतकों के परिजन आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर उतर आए।

## पूर्व आरटीओ कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा ने के सरेंडर की मची अफवाह

**भोपाल, 27 जनवरी (एजेंसी)।** पूर्व आरटीओ कॉनस्टेबल सौरभ शर्मा के सरेंडर की खबर ने जोर पकड़ी तो भोपाल सिविल कोर्ट में पुलिस और अन्य लोगों का जमावड़ा लग गया है। हालांकि थोड़ी देर बाद यह खबर अफवाह साबित हुई है। सौरभ शर्मा ने सरेंडर नहीं किया है। सौरभ शर्मा के वकील ने बताया कि उसने सिर्फ कोर्ट में सरेंडर के आवेदन दिया है। सौरभ शर्मा लोकायुक्त, ईडी और आयकर विभाग की कार्रवाई के बाद से वह फरार चल रहा है। इस दौरान जांच एजेंसियों का शिकंजा उसके ऊपर कसता जा रहा है। साथ ही उससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी ईडी छापेमारी कर रही थी। दरअसल, मध्य प्रदेश लोकायुक्त ने 17 दिसंबर को सौरभ शर्मा के ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी। उसके घर से करोड़ों रुपए कैश और दो क्विंटल से अधिक चांदी की सिल्लियां मिली थी। इसके साथ ही उसके दोस्त की कार से 54 किलो सोना और 10 करोड़ रुपए से अधिक कैश मिले थे। इसके बाद से ही वह फरार था। इस केस में तीन एजेंसियां जांच कर रही हैं। ऐसे में सौरभ पर शिकंजा कसता जा रहा है। वहीं, सौरभ शर्मा सरेंडर करता है तो जांच एजेंसियां उसे रिमांड पर लेगी। रिमांड के दौरान कई राज उगलेगा। इसके बाद उससे जुड़े लोगों की धड़कनें बढ़ गई है। सौरभ की डायरी में भी कई सफेदपोश लोगों के नाम मिले हैं। इन लोगों को सौरभ शर्मा अपनी काली कमाई का हिस्सा देता था। सौरभ शर्मा को अनुकंपा के आधार पर परिवहन विभाग में नौकरी मिली थी। हालांकि सात साल की नौकरी के बाद उसने इस्तीफा दे दिया था। सौरभ शर्मा पर आरोप है कि उसने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर परिवहन विभाग में नौकरी पाई थी। उसके पिता स्वास्थ्य विभाग में थे। लेकिन सिफारिशों की वजह से सौरभ को परिवहन में नौकरी मिल गई है। उसने यह जानकारी भी छिपाई कि उसका बड़ा भाई सरकारी सेवा में है। परिवार में अगर कोई दूसरा सदस्य सरकारी सेवा में हो तो अनुकंपा की नियुक्ति नहीं मिलती है।




